# नीदरलैंड यूपी में बनाएगा मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर्स

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने स्पोर्ट्स नेटवर्किंग के साथ किया 600 करोड़ रुपये का एमओयू

- अमेरिका, कनाडा, जापान व सिंगापुर में निवेश लाने गई टीम को भारी सफलता
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इन देशों के प्रतिनिधि लेंगे हिस्सा

UP GLOBAL INVESTORS SUMMIT
New India's Growth Engine

**अमर उजाला ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों की टीमों ने बृहस्पतिवार को भी अलग-अलग देशों में रोड शो और बिजनेस मीटिंग की। अमेरिका (सैन फ्रांसिस्को), जापान (टोक्यो), सिंगापुर और नीदरलैंड्स में कई कंपनियों की ओर से निवेश के प्रस्ताव मिले। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के दौरान कई एमओयू भी साइन किए गए।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उच्च शिक्षा एवं आईटी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ नीदरलैंड सरकार के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने नीदरलैंड के भारत के साथ रिश्तों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान यूपी में मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर्स स्थापित करने के लिए स्पोर्ट्स नेटवर्किंग के साथ 600 करोड़ का एमओयू भी साइन किया गया। केशव ने प्रदेश में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी व अन्य क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। यह भी बताया कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में आईटी सेक्टर के बाद सबसे ज्यादा रोजगार की संभावनाएं हैं।

केशव और योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में गई टीम ने नीदरलैंड्स में आर्थिक संबंधों के उप महानिदेशक पीटर पोटमैन से मुलाकात की। उन्हें लखनऊ में होने वाले निवेशक शिखर सम्मेलन के साथ-साथ भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठकों में आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए हेग में इंडिया हाउस में राजदूत रीनत संधू से भी मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल वर्ल्ड हॉर्टी सेंटर भी गया, जहां डायरेक्टर बिजनेस डेवलपमेंट रामनाथ के साथ मीटिंग हुई। केशव मौर्य के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले नीदरलैंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल को भेजने पर भी सहमति दी।



नीदरलैंड में डिप्टी सीएम केशव मौर्य के साथ गए प्रतिनिधिमंडल ने वर्ल्ड हॉर्टी सेंटर का दौरा किया। इस दौरान वहां के डायरेक्टर बिजनेस डेवलपमेंट रामनाथ के साथ कृषि, फूड प्रोसेसिंग और बागवानी सेक्टर को लेकर चर्चा हुई। - विज्ञप्ति

### एंटरप्राइज सिंगापुर करेगा 8500 करोड़ का निवेश

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में कई टीम ने एंटरप्राइज सिंगापुर के सहयोग से वहां आयोजित एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। विभिन्न क्षेत्रों में एंटरप्राइज सिंगापुर के सहयोग से 8500 करोड़ के निवेश को लेकर एमओयू पर भी हस्ताक्षर हुए। वहीं, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी परामट्टा और गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के बीच शहरी कृषि, शहरों में हरियाली, जल संरक्षण, छात्र विनिमय कार्यक्रम जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर भी हुए।

### टेक्सटाइल पार्क से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जापानी फार्मास्युटिकल के क्षेत्र में हीमैटोलॉजी में लीडर सिस्मेक्स कॉर्पोरेशन के कुनिहीरो फुनाकोशी से मुलाकात की। सिस्मेक्स की भारत में पहले से मौजूदगी है और उसने उत्तर प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश की इच्छा भी जाहिर की है। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में वन वर्ल्ड कॉर्पोरेशन के अकीहीको यामाशीरो के साथ गौतमबुद्धनगर में वेस्ट मैनेजमेंट सुविधाओं के विकास के लिए 5 हजार करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे। वहीं, टेक्सटाइल पार्क के लिए निस्सेनकेन क्वालिटी इवैल्यूएशन सेंटर टोक्यो लैबोरेटरी के ताकेशी एंडो के साथ 10 हजार करोड़ का एमओयू साइन किया था। इससे 10 हजार लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

### कनाडा की कंपनियों के साथ 1200 करोड़ का एमओयू

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह और मुख्य सचिव डीएस मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का दौरा किया। यहां भारत के कांसुलेट जनरल ने ब्रिटिश कोलंबिया काउंसिल फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन (बीसीसीआईई) के सहयोग से प्रतिनिधिमंडल के लिए एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस और नेटवर्किंग इवेंट का आयोजन किया।

### सैन फ्रांसिस्को के निवेशक आएंगे यूपी

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सैन फ्रांसिस्को में बेरिया काउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने काउंसिल के सदस्यों को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी का भी दौरा किया। साथ ही वेस्टर्न डिजिटल के प्रेसीडेंट डॉ. शिवा शिवराम से भी मुलाकात की। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट नीरज भाटिया और रेडियंट एनर्जी की प्रेसीडेंट एलएलसी रोज चेउंग के साथ भी चर्चा की।